टाटानगर रेलवे स्टेशन पर तीसरा फुट ओवरब्रिज

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **टाटानगर रेलवे स्टेशन** के अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्व रेलवे (एसईआर) के मुख्यालय गार्डन रीच ने **चक्रधरपुर रेलवे मंडल द्वारा भेजे गए तीसरे फुट ओवरब्रिज के प्रस्ताव** को हरी झंडी दे दी है। यह तीसरा फुट ओवरब्रिज रेलवे स्टेशन के **खड़गपुर छोर** पर बनेगा।

प्रमुख बिंदु

- अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन प्रबंधन ने कई बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ शुरू की हैं, जिनमें ओवरब्रिज भी शामिल है।
- टाटानगर रेलवे की इंजीनियरिंग विंग ने 2 करोड़ रुपए की परियोजना का अंतिम ब्लूप्रिंट पेश किया था, जिसे दक्षिण-पूर्व रेलवे ने मंज़ूरी दे दी है।
- योजना के तहत रेलवे स्टेशन के खड़गपुर छोर पर पहले फुट ओवरब्रिज के बगल में तीसरा फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म नंबर 1 को अन्य चार प्लेटफॉर्म से जोड़ेगा। सितंबर से इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने की उम्मीद है।
- स्टेशन प्रबंधन ने बताया कि प्लेटफॉर्मों पर खंभे लगाने के लिये जगह की पहचान कर ली गई है। परियोजना के लिये काम इस साल आरंभ में शुरू होना था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण नहीं हो सका।
- गौरतलब है कि वर्तमान में ए1 श्रेणी के स्टेशन पर दो फुट ओवरब्रिज हैं। 1.90 करोड़ रुपए की लागत वाले दूसरे का उद्घाटन अक्टूबर 2019 में किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/third-foot-overbridge-at-tatanagar-railway-station